21/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जी-20 शेरपा अमिताभ कांत की देश की जी-20 अध्यक्षता पर लिखी गई पुस्तक 'हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी-20' के लिए सराहना की। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए श्री मोदी ने लिखा कि यह पुस्तक एक बेहतर भविष्य की खोज में मानव-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के प्रयासों पर एक स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान करती है। इससे पहले, श्री कांत ने प्रधानमंत्री को अपनी पुस्तक भेंट की।

0000000000000000000

गणतंत्र दिवस परेड 2025 में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें संविधान लागू होने के 75 साल और जनभागीदारी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस साल इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो परेड में मुख्य अतिथि होंगे। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने घोषणा की कि इंडोनेशिया से 160 सदस्यीय मार्चिंग टुकड़ी और 190 सदस्यीय बैंड टुकड़ी भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ियों के साथ कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड में भाग लेगी।

0000000000000000000

राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के टी परनायक और प्रथम महिला अनाघा परनाइक से वीमेन ऑन व्हील्स की 18 सदस्यों वाली डिक्रोंग टीम ने आज मुलाकात की। देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने उनकी साहसिक भावना की सराहना की और राज्यवासियों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रतिभागियों को राज्य की संस्कृति और अनूठी परंपराओं से अवगत करने के साथ ही राज्य की प्राकृतिक सुंदरता से परिचित कराएगी। राष्ट्रीय महिला आयोग, डोनर मंत्रालय और पूर्वोत्तर की राज्य सरकारों के सहयोग से वीमेन ऑन व्हील्स; ऑल वीमेन कार ड्राइव- सीजन 3 अभियान का उद्देश्य देखो अपना देश, सड़क सुरक्षा और स्वच्छ भारत को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोमवार को नाम्पोंग में तीन दिवसीय पांगसु पास अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि, चांगलांग जिले के सीमांत शहर नाम्पोंग का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व सदियों से रहा है। यह क्षेत्र प्रवास, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम रहा है। मुख्यमंत्री ने तिराप, चांगलांग और लोंगडिंग में पर्यटन की समृद्ध क्षमता को देखते हुए क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

श्री खांडू ने घोषणा की कि नाम्पोंग द्वितीय विश्व युद्ध का एक ऐतिहासिक स्थल रहा है और इसी कारण राज्य सरकार युद्ध के सभी अवशेषों को संरक्षित और पुनर्स्थापित करेगी।

00000000000000000000

नाबार्ड के सहयोग से बोटानिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया, अरुणाचल प्रदेश रीजनल सेंटर ने आज इटानगर में "**जैव विविधता, संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर इसके प्रभाव**" विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। इस अवसर पर बोलते हुए तेजू विधायक डॉ. मोहेश चाई ने अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता पर प्रकाश डाला और इसके संरक्षण की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों की समझ और ज्ञान को बढ़ावा देना था।

0000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत कालाकतांग पुलिस की टीम ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 1654.22 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है, जिसकी कीमत लगभग 1.33 करोड़ है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि गत शनिवार को बेचिलिंग गांव और उसके आसपास छापेमारी के दौरान मिली। कालाकतांग पुलिस स्टेशन में संबंधित धाराओं के तहत एनडीपीएस का मामला दर्ज किया गया है।

आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए गहन प्रयास जारी हैं। पुलिस ने जांच में तेजी लाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों से सहयोग की अपील की हैं।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग - एपीएससीडब्लू द्वारा गत सोमवार को चांगलांग जिले के आरके मोसांग मेमोरियल सोसाइटी जयरामपुर का दौरा किया गया। इस सोसाइटी का संचालन एपीएससीडब्लू के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कोमोली मोसांग द्वारा किया जा रहा है। दौरा कर रही टीम ने सोसाइटी के ऑफ़िस सहित पुस्तकालय, क्लिनिक और सोसाइटी के अन्य प्रतिष्ठानो का भी जायजा लिया। श्रीमती मोसांग ने अपनी सोसाइटी के काम और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए, स्पेशियल एडोपशन एजेंसी (एसएए), कौशल गतिविधियाँ और 100 लड़कियों के लिए प्राथमिक आवास की जानकारी दी। एपीएससीडब्लू टीम ने चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन (सीसीआई) जयरामपुर का भी दौरा किया।

0000000000000000000

सरकार ने कहा है कि देशभर में चार करोड़ से ज़्यादा सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस योजना पर वर्तमान में 8.2 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर मिल रही है। इस वर्ष 22 जनवरी को सुकन्या समृद्धि योजना के दस साल पूरे हो रहे हैं,

जो परिवारों को अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य में निवेश करने और समावेशिता और प्रगति की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह योजना 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शुरू की गई थी। यह योजना माता-पिता को किसी भी डाकघर या नामित वाणिज्यिक बैंक शाखा में लड़कियों के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खोलने की अनुमति देती है, जिसकी शुरुआत न्यूनतम 250 रुपये की शुरुआती जमा राशि से होती है।

0000000000000000000